हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 17 जनवरी 2026

10 कैडेट्स को आपदा व आत्मरक्षा के सिखाए गुर



11 किसान व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन




**खबर संक्षेप**

## समाधान शिविरों में 5503 शिकायतें आईं



**झज्जर।** समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित साप्ताहिक समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान उपरांत एटीआर शीघ्र भेजी जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में अब तक 5503 नागरिकों ने समस्याएं दर्ज कराई हैं, जिनमें से केवल 129 पेंडिंग हैंए जिनका जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## स्कूल भवनों की नियमित जांच के दिए निर्देश

**झज्जर।** जिले के सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण देना जिला शासन व प्रशासन की प्राथमिकता है। स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारी सजगता से कार्य करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूल भवनों की नियमित जांच की जाए और जिन विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की कमी है, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्कूलों में स्वच्छता, अनुशासन और विद्यार्थियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। वहीं डीईओ रतिंद्र सिंह ने कहा कि जिला के सरकारी स्कूलों की भौतिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 520 सरकारी विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

## अवैध कॉलोनी में खरीद व बिक्री पर रोक : डीसी

**बहादुरगढ़।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि गांव इस्सरहेड़ी में बगैर लाइसेंस व तय प्रक्रिया पूरी किए अवैध कॉलोनी काटे जाने के मामले में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। साथ ही आमजन से अपील की है कि वे केवल सरकार द्वारा वैध एवं स्वीकृत कॉलोनियों में ही अपना मकान बनाने के लिए प्लाट खरीद सकते हैं। जिला उपायुकत ने बताया कि गांव इस्सरहेड़ी के किला नंबर 1096, 1097, 1098, 1099, 1100, 1101, 1102, 1103, 1104, 1105, 1106, 1107, 1108, 1109, 1110, 1111, 1112, 1113, 1114 और 1115 में सड़क बनाकर और नक्शा दिखाकर इन खसरा नंबरों से जुड़े किसी भी प्रकार के सेल-डीड, एग्रीमेंट टू सेल, पावर ऑफ अटॉर्नी या फुल पेमेंट एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड/एग्जीक्यूट करने पर प्रतिबंधित लगा दिया गया है। डीटीपी कार्यालय के अनुसार इस मामले में न तो विभाग से कोई लाइसेंस, सीएलयू और न ही एनओसी प्राप्त की गई है।

## साइलेंसरों के पटाखे अब पुलिस ने फोड़े



**बहादुरगढ़।** यातायात पुलिस की ओर से शुक्रवार को बुलेट बाइक के करीब 65 मोडिफाइड यानी पटाखे फोड़ने वाले साइलेंसर नष्ट कर कर दिए गए। एसीपी प्रदीप खत्री व यातायात प्रभारी सतीश कुमार की देखरेख में यह कार्रवाई की गई। दरअसल, बहुत से लोग बुलेट बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर लगवाकर पटाखे फोड़ते हैं। इस गैर कानूनी हरकत से ध्वनि प्रदूषण तो बढ़ता ही है, अन्य नागरिकों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। समय-समय पर पुलिस की ओर से ऐसे बाइक चालकों पर कार्रवाई की जाती है। पिछले कुछ समय में हुई कार्रवाई के दौरान पुलिस की ओर से काफी बुलेट बाइकों के पटाखे फोड़ने वाले साइलेंसर जब्त किए गए थे। ये लगभग 65 साइलेंसर शुक्रवार को ट्रैक्टर व जेसीबी आदि से कुचलकर नष्ट कर दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि युवा नियमों का पालन करें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे नियमों की उल्लंघना और लोगों को परेशानी हो।

# एएसआई ने थाने में गुम हुई महिला की सोने की बाली लौटा दिखाई ईमानदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला किसी शिकायत के सिलसिले में सिटी थाने पहुंची थी। इसी दौरान उसके कान की एक सोने की बाली थाना परिसर में गिर गई। घर पहुंचने पर जब महिला को बाली खोने का पता चला तो उसने काफी तलाश की, लेकिन निराशा ही हाथ लगी।

इधर, थाना परिसर में तैनात एएसआई मुकेश को एक सोने की बाली मिली। उन्होंने इसे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बाली अपने पास सुरक्षित रखी और उसके असली मालिक की तलाश शुरू की। जांच-पड़ताल के दौरान एएसआई मुकेश संबंधित महिला तक पहुंचे और पहचान व आवश्यक औपचारिकताओं के बाद वह सोने की बाली महिला को सौंप दी। अपना खोया हुआ आभूषण वापस पाकर महिला ने राहत की सांस ली। उसने पुलिस की ईमानदारी और मानवीय दृष्टिकोण की सराहना करते हुए एएसआई मुकेश का आभार जताया।



बहादुरगढ़। महिला को उसकी सोने की बाली सौंपते पुलिस अधिकारी।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़कों का ऑडिट करवाने के निर्देश

# सड़कों पर 74 जगह जान का खतरा

41 खतरनाक जगह पर सड़क हादसे हो चुके और 33 स्थानों पर दुर्घटना का अंदेशा बना। अगली बैठक में उपायुक्त ने कारण और उपाय की रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले में सड़क पर 74 जगह ऐसी हैं, जहां पर जान का खतरा हमेशा बना रहता है। इनमें से भी 41 स्थान ऐसे हैं, जहां पर सड़क हादसे हो चुके हैं और 33 स्थानों पर दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। इसे लेकर अब जिले की सड़कों का सुरक्षा ऑडिट करवाया जाएगा। इससे संबंधित निर्देश लघु सचिवालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग जिले की मुख्य सड़कों का सुरक्षा ऑडिट कराकर अगली बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि योजनाबद्ध तरीके से जरूरी उपाय किए जा सकें। वहीं, डीटीओ एवं सचिव क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण अंकित कुमार चौकसे ने बताया कि जिले में 41 स्थान ऐसे हैं, जहां पर सड़क दुर्घटना हुई हैं और 33 स्थान दुर्घटना संभावित चिन्हित किए गए हैं। डीसी ने कहा कि इन सभी स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं। हर स्थान की अलग-अलग रिपोर्ट दें।




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## जिले के इन ब्लैक स्पॉट पर प्रशासन की नजर

1. पुलिस द्वारा बीते वर्ष हुई सड़क दुर्घटनाओं के मामले में जिले के गांव बादली, बेरी व नेशनल हाईवे 10 स्थित रोहद गांव को फर्स्ट ब्लैक स्पॉट घोषित किया गया है। यहां वर्ष भर में 19 घातक दुर्घनाओं में जहां 20 लोगों की मौत हो गई वहीं 28 को गंभीर व 48 लोगों को मामूली चोटें आईं।
2. बेरी में हुई 29 घातक दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत हुई, जबकि 14 को गंभीर व 48 लोगों को मामूली चोट लगी। रोहद के ब्लैक स्पॉट पर हुई 23 दुर्घटनाओं में 23 लोगों की मौत, 32 गंभीर तथा 55 लोगों को आंशिक चोटें आईं।
3. नेशनल हाईवे 71 पर गांव सिलानी व कुलाना को तृतीय ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है। यहां बीते वर्ष कुलाना में 14 एक्सीडेंट हुए जिनमें 14 लोगों की मौत, दस लोग गंभीर व 24 को हल्की चोट लगी। सिलानी गांव में हुई 13 सड़क दुर्घटनाओं में 14 लोगों की मौत हुई जबकि घायल हुए 28 लोगों में से 7 को गंभीर चोट आई।
4. इसी प्रकार एनएच 10 के गांव आसौदा, डाबौदा खुर्द, दुल्हेड़ा, जाखौदा व कबलाना तथा एनएच 71 के गांव पाटौदा को चौथे ब्लैक स्पॉट के रूप में माना गया है।
5. एनएच 71 स्थित गांव डीघल, गुढ़ा बाईपास, माछरौली व दुजाना, स्टेट हाईवे 22 पर साल्हावास क्षेत्र के गांव सुबाना व बहू, स्टेट हाईवे 20 स्थित गांव भापड़ौदा, छारा, छुछकवास, एमपी माजरा, सासरौली चौक, गिरावड़, स्टेट हाईवे 15ए के गांव दादरी तोए, शहर के निकटवर्ती गांव जहांगीरपुर, झज्जर बाईपास, लुहारी, कानौंदा, मांडौठी, एमआईई बहादुरगढ़, नया गांव, नूना माजरा को पांचवें क्रम में ब्लैक स्पॉट का नाम दिया गया है।

■ बेरी में 29 घातक दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत हुई

■ रोहद गांव के पास 19 हादसों में 20 की जान गई

## केएमपी एक्सप्रेस वे पर कोहरे के बीच तीन ट्रक आपस में टकराए, दो घायल

**बहादुरगढ़।** इलाके से गुजर रहे केएमपी एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार सुबह तीन ट्रकों की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक ट्रक एक्सप्रेस-वे से नीचे उतर गया। उसमें सवार चालक सहित दो लोगों को चोट आई, जिन्हें राहगीरों ने संभाला और नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की पहचान मोहम्मद मुर्तजा और मोहम्मद फिरोज आलम के रूप में हुई है। घायलों ने बताया कि वे गाड़ी लेकर पटौदी से करनाल जा रहे थे। केएमपी पर पहुंचे तो पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद हमारा ट्रक आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर लगने के बाद अनियंत्रित होकर हमारा ट्रक एक्सप्रेस-वे से नीचे खेतों में उतर गया। इस संबंध में देर शाम तक केस दर्ज नहीं हो सका था। घने कोहरे के चलते हादसा होने की बात सामने आई है। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

### हाइवा से बाइक सवार चोटिल

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना में हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान संदीप के रूप में हुई है। वह गांव लुकसर का रहने वाला है। संदीप का कहना है कि बाइक पर सवार होकर वह अपनी दुकान पर जा रहा था। जब लुकसर गांव में एक निजी स्कूल के पास पहुंचा तो सामने से तेज गति में आए हाइवा ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मुझे गंभीर चोट आई और अस्पताल ले जाया गया। फिर परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। उधर, सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### अनाज मंडी में राठी ने किया निरीक्षण

# चेयरमैन ने मंडी गेट पर गंदगी देख कर्मचारी बुला करवाई सफाई



बहादुरगढ़। अनाज मंडी में सफाई का जायजा लेतीं चेयरपर्सन व चेयरमैन।

- अनाजमंडी गेट पर प्रतिदिन कूड़ा डालने की आ रही शिकायतों पर लिया संज्ञान
- मार्केट कमेटी चेयरमैन ने कहा कूड़ा निस्तारण के लिए जल्द ही उपयुक्त स्थान चिह्नित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की अनाज मंडी के गेट नंबर-3 के निकट प्रतिदिन सड़क पर डाले जा रहे कूड़े की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान मार्केट कमेटी के चेयरमैन विनोद कौशिक व वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता के साथ अधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मंडी के गेट नंबर-3 के निकट फैली गंदगी और सड़क पर पड़े कूड़े को देखकर चेयरपर्सन सरोज राठी ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से सफाई कर्मचारियों को बुलाकर मौके पर सफाई करवाई। उन्होंने कहा कि यहां रोजाना बड़ी संख्या में व्यापारी, ग्राहक और वाहन आते-जाते हैं। ऐसे में सफाई का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है। मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक ने कहा कि मंडी में सफाई हमारी प्राथमिकता है। कूड़ा निस्तारण के लिए जल्द ही उपयुक्त स्थान चिह्नित किया जाएगा। नप के सहयोग से सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा।

उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रदीप गुप्ता ने कहा कि ठोस व्यवस्था लागू कर यहां नियमित निगरानी रखी जाएगी। इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव अंजू बाला, पार्षद राजेश तंवर, रमेश राठी, सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा व पंकज दहिया आदि मौजूद थे।

# रात को सता रही बढ़ती ठंड दिन में धूप से मिली राहत

तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सर्दी, खांसी और वायरल का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जबकि दिन के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। शुक्रवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता बेहद कम रही और यातायात की रफ्तार थम सी गई। वाहन चालकों को धीमी गति से सफर करना पड़ा। कोहरे का असर रेल यातायात पर भी पड़ा। धुंध के कारण कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी पर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ दिन चढ़ते ही धूप खिल जाती है।

शुक्रवार को दिनभर धूप खिलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली, लेकिन शाम होते-होते ठिठुरन बढ़ने लगी। डॉक्टरों ने इस मौसम को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सर्दी, खांसी और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

# छीनी गई रकम व सामान गैंगरेप के आरोपियों से बरामद

- रिमांड समाप्त होने के बाद आरोपी जेल भेजे, एक अन्य आरोपी की तलाश जारी
- उत्तरप्रदेश निवासी महिला को 12 जनवरी को अगवा कर बंद ढाबे में ले जाकर किया था गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

उत्तरप्रदेश मूल की एक महिला के साथ गैंगरेप करने के मामले में पकड़े गए चारों आरोपी अदालत में पेश करने के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिए गए। मामले में आरोपियों की निशानदेही पर पीड़ितों से छीने गए चार हजार रुपये व सामान भी रिकवर किया गया है।

वहीं, फरार चल रहे एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। वारदात 12 जनवरी को हुई। दरअसल, उत्तर प्रदेश की एक महिला अपने फूफा के साथ काम के सिलसिले में यहां आई थी। देर रात को बस से एमआईई में उतरी थी। इसी दौरान पांच युवकों ने उनका पीछा किया। उन्होंने पांच हजार रुपये व सामान छीना तथा जोर जबरदस्ती कर महिला को हाईवे पर ही स्थित एक बंद ढाबे में ले गए। इसके बाद उसके साथ गैंगरेप किया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने अगले ही दिन चार आरोपी गिरफ्तार किए।

चारों आरोपी बिहार मूल के हैं। दो दिन की रिमांड अवधि में पुलिस ने उनसे फरार चल रहे अन्य आरोपी के बारे में पूछताछ की। साथ ही छीने गए रुपये व सामान बरामद किया। सिटी थाना प्रभारी जमील अहमद का कहना है कि रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद चारों आरोपी जेल भेज दिए हैं। मामले में फरार चल रहे आरोपी की पहचान हो चुकी है। उसकी तलाश में लगातार टीमें रेड कर रही हैं। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**जायजा** एसडीएम ने ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया

# जर्जर कमरों को देख भड़के एसडीएम, खाली करने के दिए निर्देश

- इससे पहले अंबेडकर स्टेडियम का भी कर चुके दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गुरुवार रात एसडीएम अभिनव सिवाच ने शहर के रेलवे रोड पर स्थित ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेडियम परिसर में बने कई कमरों की स्थिति अत्यंत जर्जर पाई गई, जिस पर एसडीएम ने गहरी चिंता व्यक्त की।

एसडीएम अभिनव सिवाच ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जर्जर कमरों में रखा गया सामान तुरंत हटाया जाए तथा वहां अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों को भी सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खेल विभाग व नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। रात में स्टेडियम का निरीक्षण करते एसडीएम अभिनव सिवाच। *फोटो : हरिभूमि*

अधिकारियों ने एसडीएम को स्टेडियम की वर्तमान स्थिति, आवश्यक मरम्मत कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि खेल सुविधाओं में सुधार और खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर शासन-प्रशासन पूरी तरह सजग है। उन्होंने बताया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या नुकसान न हो, इसके लिए स्टेडियम परिसर की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आवश्यक कदम समय रहते उठाए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द जर्जर ढांचों का तकनीकी मूल्यांकन कर मरम्मत या पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि खिलाड़ियों को सुरक्षित और बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## प्रो रेसलिंग लीग में दिनेश ने जीती कुश्ती

**बहादुरगढ़।** नोएडा में वीरवार को प्रो रेसिलंग लीग शुरू हो गई। लीग के पहले ही दिन झज्जर जिले के दिनेश धनखड़ उर्फ गोलिया पहलवान का दम देखने को मिला। हेवीवेट पहलवान दिनेश ने 125 केजी भारवर्ग में यूपी डोमिनेटर्स के पहलवान जसपूर्ण सिंह को 3-0 के अंतर से हरकार अपनी टीम पंजाब रॉयल्स को जीत दिलाई। लीग के दूसरे दिन शुक्रवार को भी दिनेश धनखड़ पहलवान अपनी टीम को जीत दिलाने हरियाणा थंडर्स के खिलाफ मैट पर उतरेगा। वहीं, दूसरी तरफ ओलंपियन पहलवान दीपक पूनिया पर भी कुश्ती प्रेमियों की नजर रहेगी। महाराष्ट्र केसरी की ओर से खेल रहे दीपक पूनिया का मुकाबला दिल्ली दंगल टीम के पहलवान के साथ होगा। बता दें कि प्रो लीग में अधिकांश पहलवान हरियाणा से हैं। इनमें झज्जर जिले के दीपक पूनिया, अमन सहरावत, दिनेश धनखड़ आदि शामिल हैं। अमन सहरावत टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, दीपक पूनिया महाराष्ट्रा केसरी तथा दिनेश धनखड़ पंजाब रॉयल्स की टीम में शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### गाय को राजकीय पशु घोषित करे सरकार

**बहादुरगढ़।** समाजसेवी यशपाल हिंदुस्तानी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते हुए एक बार फिर गाय माता को प्रदेश में राजकीय पशु घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और ग्रामीण जीवन की आत्मा है। गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि आस्था, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा हुआ विषय है। जिसे सरकार द्वारा विशेष संरक्षण दिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

### पीजीआईएमएस के पूर्व प्रोफेसर का निधन

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के पूर्व प्रोफेसर डॉ. मोहिंद्र सिंह निवासी सेक्टर 35 सनसिटी का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शीला बाईपास स्थित रामबाग शमशान घाट में किया जाएगा। उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। जिनमें पीजीआईएमएस के पूर्व प्रोफेसर डॉ हरप्रित सिंह, डॉ वंदना सांगवान और हरदीप सिंह हैं। डॉ हरप्रित सिंह इस समय कायनोस अस्पताल में कार्यरत हैं। डॉ मोहिंद्र सिंह के निधन पर डॉक्टर्स सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है।

### युवकों ने दुकान में की तोड़फोड़, दी धमकी

**रोहतक।** शहर के व्यस्त पालिका बाजार के सामने सिविल रोड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दही-लस्सी-पनीर की एक दुकान पर मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। पनीर उठाकर खाने से मना करने पर 8 से 10 युवकों ने न केवल दुकान में जमकर तोड़फोड़ की, बल्कि दुकानदार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद दुकान संचालक चिराग ने आर्य नगर थाना पुलिस को शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कंसाला में पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**रोहतक।** पशुपालन विभाग द्वारा पशु सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को गांव कंसाला स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 143 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। शिविर में डॉ. जगबीर मलिक, डॉ. अनुपमा एवं डॉ. वैभव ने पशुओं का स्वास्थ्य जांचा। जांच में 26 पशुओं में खनिज (मिनरल) की कमी पाई गई। जिनका मौके पर ही उचित उपचार कर खनिज अनुपूरण दिया गया।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से की ठगी

**रोहतक।** विदेश भेजने के नाम पर युवाओं से ठगी और उन्हें बंधक बनाए जाने का एक गंभीर मामला रोहतक से सामने आया है। रूस और यूरोप भेजने का झांसा देकर रोहतक निवासी युवक को पहले थाईलैंड और फिर म्यांमार ले जाकर बंधक बना लिया गया। इस दौरान युवक से जबरन काम कराया गया और मानसिक व शारीरिक शोषण किया गया। म्यांमार आर्मी द्वारा रेस्क्यू किए जाने के बाद युवक भारत लौटा, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संस्कारम पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी

# कैडेट्स को आपदा व आत्मरक्षा के सिखाए गुर



झज्जर। एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए हरियाणा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के सदस्य।

**एनसीसी और आपदा मित्र जैसे शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन पैदा करते हैं: डॉ. महिपाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल में हरियाणा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल टीम द्वारा एनसीसी कैडेट्स को आत्म रक्षा के गुर सिखाए गए। इंस्पेक्टर सुखदीप के नेतृत्व में पहुंची टीम में हेड कांस्टेबल सत्यजीत, संजय, राजकुमार, अनिल कमुार आदि प्रशिक्षकों ने कैडेट्स को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि भूकंप या आगजनी जैसी किसी भी आपात स्थिति में घबराए बिना किस तरह सूझबूझ से राहत कार्य करना चाहिए।

एनसीसी स्किल डेवलपमेंट और युवा आपदा मित्र योजना शिविर में 8 बटालियन एनसीसी रेवाड़ी के कमांडिंग ऑफिसर वीरेंद्र मोहन सिंह व सूबेदार मेजर राकेश विशेष रूप से शिरकत करते हुए कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि एनसीसी और आपदा मित्र जैसे शिविर विद्यार्थियों में न केवल अनुशासन और साहस पैदा करते हैं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक भी बनाते हैं। उन्होंने कैडेट्स से कहा कि विपरीत परिस्थितियों में घबराने की बजाय सूझबूझ से काम लेना ही असली बहादुरी है।

इस दौरान रेवाड़ी की जिला परियोजना अधिकारी मीनाक्षी ने भी कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित ये कैडेट्स भविष्य में समाज के लिए सुरक्षा कवच का काम करेंगे। इस मौके पर हवलदार गिरदावर, रोहताश, किशन सिंह, तेजेंद्र, श्रवण, सूबेदार मीर सिंह, सुंदर सिंह, सोमबीर सिंह और नायब सूबेदार प्रदीप सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नशाखोरी के खिलाफ स्वयंसेवकों को चेताया



झज्जर। दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ करते हुए सुनित मुखुर्जी।

**राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में शुक्रवार से सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डॉक्टर कर्मबीर गुलिया ने स्वयंसेवकों को सामाजिक तथा राष्ट्रीय सरोकारों में योगदान देने, श्रमदान समेत सामाजिक कार्यों में भाग लेने, नशाखोरी तथा अन्य व्यसनों से दूर रहने तथा डिजिटल टूल्स सीखकर स्वयं को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के प्रथम सत्र में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक तथा मोटिवेशनल स्पीकर सुनित मुखर्जी ने कहा कि 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया जाता है। विद्यार्थी एवं एनएसएस वॉलिंटियर्स डिजिटल टूल्स में पारंगत होकर उद्यमिता मानसिकता को अंगीकार कर, स्वरोजगार का रास्ता चुन सकते हैं। उन्होंने ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को विशेष रूप से एग्री-स्टार्टअप, सोशल सर्विसेज सेक्टर स्टार्टअप, आयुष तथा स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के स्टार्टअप की जानकारी दी। एनएसएस राष्ट्रपति सम्मान अवार्डी प्रोफेसर रणबीर सिंह गुलिया ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयंसेवकों को महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर श्रमदान को दैनिक जीवन का अंग बनाना चाहिए। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रणदीप सिंह, डॉक्टर सरला, डॉक्टर सुमन कुंडू, डॉक्टर मयंक, डॉक्टर रेणू, डॉक्टर सोमवीर, डॉक्टर आशीष, डॉक्टर राजेश, डॉक्टर सुमन, डॉक्टर सतेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# पॉट पेंटिंग से छात्राओं ने एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में रेडक्रॉस व रेड रिबन इकाई के अंतर्गत जागरूकता पखवाड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। छात्राओं द्वारा पेंट किए गए पॉट देखती प्रिंसिपल व अन्य।

शनिवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में रेडक्रॉस व रेड रिबन इकाई के अंतर्गत एड्स जागरुकता पखवाड़े के अंतर्गत पॉट पेंटिंग के जरिए एड्स के खिलाफ जागरुकता फैलाई गई। छात्राओं ने पॉट पर एड्स जागरुकता के विभिन्न स्लोगन लिखकर प्रदर्शनी लगाई। प्राचार्य डॉ. राजवंती शर्मा ने प्रतिभागियों से कहा कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है। यह सीधा हमारे इम्यून सिस्टम पर अटैक कर शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को समाप्त करती है। इसका संक्रमण खाने-पीने या सामाजिक संपर्क से नहीं फैलता। यह केवल मनुष्य के संक्रमित खून, असुरक्षित सीरींज के प्रयोग व असुरक्षित यौन संबंधों से फैलता है। जागरूकता के अभाव में लोग संक्रमित व्यक्ति की सहायता करने की अपेक्षा उससे घृणा करने लगते हैं। इसी भय के कारण अक्सर संक्रमित व्यक्ति अपनी बीमारी को छिपा लेते हैं।

# पॉली क्लीनिक में सिखाए तनाव मुक्ति के गुर

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने करवाया स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में शामिल लोगों के साथ बीके संदीप व बीके एंजल।

सेक्टर-6 स्थित ईसीएचएस पॉली क्लीनिक में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 सेवा केंद्र द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और चिकित्सा कर्मचारियों को मानसिक सशक्तिकरण और राजयोग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया।

मुख्य वक्ता बीके एंजल दीदी ने बताया कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। भावनात्मक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहना हमें जीवन के तनावों से निपटने और अपनी क्षमताओं को पहचानने में मदद करता है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और अच्छी नींद के साथ-साथ तनाव प्रबंधन हमारी जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। बीके संदीप ने बड़े ही सरल उदाहरण के साथ मन और शरीर के अंतर्संबंध को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि मन एक छोटे बच्चे की तरह है और शरीर एक घर की तरह। यदि मन रूपी बच्चा खुश है, तो घर यानी शरीर भी खुशहाल रहता है। उन्होंने कई रोचक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रायोगिक तौर पर मन और शरीर के कनेक्शन का अनुभव कराया। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र कुमार शर्मा ने ब्रह्माकुमारी बहनों का स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर डॉ. प्रणव शेखर, डॉ. जयंत कुमार, नायब सूबेदार करतार सिंह, राजवीर सिंह, संदीप दहिया, महेंद्र सिंह, खेम सिंह, मीर सिंह और गणपत राव के अलावा संतरा देवी, सुनीता, सुमन, रूपा, नीतू, बिंदु, प्रमोद, मोतीलाल आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया।



बहादुरगढ़। मेट्रो स्टेशन के निकट गरीब को कंबल ओढ़ाते मुकेश सैनी।

### रात में ठिठुरते लोगों को बांटे कंबल

**बहादुरगढ़।** लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सैनी ने कड़ाके की ठंड में ठिठुरते जरूरतमंद और गरीब लोगों को कंबल देकर सहायता की। सर्द रातों में अनेक गरीबों के पास ठंड से बचने के लिए ना कोई छत है और ना ही ओढ़ने के लिए कंबल। उन्होंने रात में कड़ाके की ठंड में निकलकर कंबल वितरण किए।

# निलोठी में तीन किसानों के खेतों से चोरी

**खेतों में बढ़ रही चोरी की वारदातें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

ग्रामीण क्षेत्र में चोरी की घटनाएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे किसानों और ग्रामीणों की परेशानी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। चोर विशेष तौर पर किसानों के खेतों में लगे महत्वपूर्ण उपकरणों और संसाधनों को निशाना बना रहे हैं। इनमें सोलर पैनल, मोटर, कंडक्टर, बिजली की तारें और ट्रांसफार्मर की कॉइल जैसी कीमती सामग्री शामिल हैं, जो खेती और सिंचाई के लिए आवश्यक हैं।

इन वारदातों के कारण न केवल किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, बल्कि उनके खेतों में सिंचाई और अन्य कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।हाल ही में गांव निलोठी में तीन किसानों के खेतों में चोरी की घटनाएँ हुई हैं। किसानों अवीन, राहुल और सरोज देवी के खेतों से मोटर और बिजली की तारें चोरी कर ली गई हैं। जब किसान अपने खेतों में पहुँचे, तब उन्हें यह वारदात का पता चला और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### लोग बोले, पहले भी हो चुकी हैं चोरियां


पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों जैसे छारा, निलोठी, सिलोठी, मातन, कुलासी, जसोरखेड़ी, आसौदा, रोहद, बादली, डाबोदा, बुपनिया और लुकसर में भी इसी प्रकार की चोरी की वारदातें पहले हो चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही खेती की लागत बढ़ रही है और मुनाफा कम होता जा रहा है, ऐसे में लगातार हो रही चोरी की घटनाएँ उनकी कमर तोड़ रही हैं।पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपनी नजर बनाए रखें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि गश्त को और मजबूत करने की आवश्यकता जताई जा रही है। चोरी की बढ़ती घटनाओं से बिजली निगम भी परेशान है, क्योंकि ट्रांसफार्मर और बिजली लाइनों को नुकसान पहुँचने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। लगातार हो रही वारदातों के कारण पुलिस की कार्यभार भी बढ़ गया है। एक मामले को सुलझाया नहीं जाता कि दूसरी घटना सामने आ जाती है।ग्रामीण और किसान यह चाहते हैं कि प्रशासन और पुलिस मिलकर प्रभावी कदम उठाएँ, ताकि उनके खेतों और उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इससे न केवल किसानों की आर्थिक सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों को भी राहत मिलेगी।



बहादुरगढ़। भापड़ोदा आईटीआई में योगाभ्यास करवाती स्वाति देवी।

### भापड़ोदा आईटीआई में करवाया योगाभ्यास

**बहादुरगढ़।** भापड़ोदा की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयुष विभाग की तरफ से योग सहायक स्वाति देवी ने स्टाफ सदस्यों और छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार करवाया। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि योग शारीरिक और मानसिक रूप से एक व्यक्ति को स्वस्थ बनाकर सक्रिय नागरिक बनाता है। आईटीआई प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने छात्रों से दैनिक जीवन में योग को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर अनूप कुमार, करण सिंह, रजनेश, रमेश, जोगेंद्र, हरेंद्र व योगेश आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास करते साधक।

### सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया

**बहादुरगढ़।** वार्ड-21 स्थित ओम वाटिका में सूर्य नमस्कार को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। योग सहायक प्रीति ने साधकों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। उन्होंने सूर्य नमस्कार से शरीर में लचीलापन, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, रक्त संचार में सुधार तथा वजन नियंत्रण जैसे लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सत्येंद्र दहिया, ओमबीर छिकारा, बबीता, निर्मला, रितु, सुमित्रा, बाला आदि उपस्थित रहे।

### सांखोल गांव में भव्य ग्राम गौरव खेल महोत्सव मनाया गया

# कबड्डी में आसौदा ने सराय की टीम को हराकर पाई जीत

**12 गांवों की टीमों ने लिया हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सूर्या फाउंडेशन द्वारा सांखोल गांव में भव्य ग्राम गौरव खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के 12 गांवों की टीमों ने भाग लिया। फाइनल में आसौदा टोडराण की टीम ने सराय औरंगाबाद को हराकर खिताब अपने नाम किया। विधायक राजेश जून व चेयरपर्सन सरोज राठी ने विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।



बहादुरगढ़। विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ विधायक व चेयरपर्सन।

### खेल युवाओं को रखता है नशे से दूर

विधायक राजेश जून ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। जून ने अपनी नेक कमाई से खेल आयोजन समिति को 11 हजार की धनराशि भेंट की। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रखकर अनुशासन, भाईचारे और स्वस्थ जीवन की ओर ले जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें। अनुभवी कोच बलराम सांगवान व रणधीर सिंह के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में कबड्डी मुकाबले संपन्न हुए। संगठन से मुकेश त्रिपाठी, प्रमोद आसरे, भंवर सिंह, कवल कुमार, अरुण कुमार, मोहित, राजू, विनोद, संजय व रवि आदि मौजूद रहे।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सिमरन और पलक ने पाया पहला स्थान

## राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में सरस्वती नदी का महत्व समझाया





झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में सरस्वती नदी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने किया। उन्होंने सरस्वती नदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरस्वती केवल प्राचीन नदी ही नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान परंपरा की प्रतीक रही है। उन्होंने बताया कि वैदिक साहित्य, पुराणों और ऐतिहासिक ग्रंथों में सरस्वती नदी का विशेष उल्लेख मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझें, उसके संरक्षण के प्रति सजग रहें तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने सरस्वती नदी के ऐतिहासिक तथ्यों, भौगोलिक पहलुओं पर आधारित प्रश्नों के माध्यम से अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर सुनीता बेनीवाल, डॉक्टर ज्योति, डॉक्टर सीमा तथा दीपा यादव ने किया।

### प्रतियोगिता के परिणाम

प्रतियोगिताओं में एमए भूगोल प्रथम वर्ष की सिमरन एवं बीएससी तृतीय वर्ष की पलक की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। बीएससी तृतीय वर्ष की नीति एवं हर्षिता की टीम दूसरे स्थान पर रही, जबकि बीए तृतीय वर्ष की अंतिम एवं सिमरन की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में एमए भूगोल प्रथम वर्ष की सिमरन ने पहला स्थान प्राप्त किया।

## भाषण में बीए द्वितीय वर्ष के निर्भय अव्वल

- राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में विद्यार्थियों का ज्ञान परखा

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में शुक्रवार को राजवीर सिंह जाखड़ की अध्यक्षता में सरस्वती महोत्सव मनाया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को सरस्वती नदी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम संचालिका डॉक्टर ओमपति ने बताया कि कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए दो-दो विद्यार्थियों की पांच टीमें गठित की गईं। निर्णायक की भूमिका में डॉक्टर श्रीओम, डॉक्टर राकेश कुमार, डॉक्टर प्रियंका, सोनू रानी व नीरज कुमार शामिल रहे। घोषित प्रतियोगिता परिणामों प्रश्नोत्तरी में आशा व हिमांशी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि भाषण प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र निर्भय पासवान को पहला स्थान मिला।

## गुप्त नवरात्र में मंत्रों का जाप प्रभावशाली : गुलशन शर्मा

झज्जर। हिन्दू धर्म में नवरात्र का विशेष महत्व है। नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। लेकिन गुप्त नवरात्रि के दौरान दस महाविद्यायों की गुप्त रूप से साधना की जाती है। हिन्दू धर्म में गुप्त नवरात्रि को तांत्रिक साधना से जोड़ा जाता है, लेकिन सामान्य श्रद्धालु भी सरल मंत्रों और पूजा विधि से मां दुर्गा की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि केवल श्रद्धा, संयम और नियमित जाप ही सबसे बड़ी साधना है। माघ गुप्त नवरात्रि आत्मशुद्धि, साधना और शक्ति उपासना का पावन पर्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के मंत्रों का जाप करने से जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान संभव है। माघ गुप्त नवरात्रि साधना, मंत्र-जाप और तांत्रिक उपासना के लिए अत्यंत फलदायी मानी जाती है। इस दौरान की गई साधना को गुप्त रखने का विधान है, इसलिए इसे गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि इन नौ दिनों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना करने से साधक को विशेष सिद्धि, मानसिक शांति और जीवन के कष्टों से मुक्ति मिलती है। जो साधक सच्चे मन और श्रद्धा से मां का स्मरण करता है, उस पर मां दुर्गा की विशेष कृपा बनी रहती है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि का समापन 27 जनवरी को होगा।



पंडित गुलशन शर्मा।

## बीज और बिजली बिल 2025 को रद्द करने की मांग

- संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने लघु सचिवालय में किया प्रदर्शन
- भूमिहीन गरीब किसानों व मजदूरों को साल में 240 दिन काम देने की मांग की




झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को लघु सचिवालय पर किसान-मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। किसान मोर्चा के नेता जयकरण मांडौठी, सतबीर सिंह दहिया, सुमेश कौशिक, सुमित छिक्कारा, मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, जगबीर सिंह,रामकिशन, रणबीर सिंह, रमेश जाखड़, राजबीर सिंह राहड़ आदि नेताओं ने बीज बिल 2025, बिजली बिल 2025, मनरेगा के स्थान पर बनाए गए जीरामजी अधिनियम, राष्ट्रीय कृषि मार्केटिंग योजना के ड्राफ्ट तथा 4 लेबर कोड्स को रद्द करने व भूमिहीन गरीब किसानों व मजदूरों को साल में 240 दिन काम और 700 रुपये दिहाड़ी देने, 10 हजार रुपये मासिक बुढ़ापा पेंशन देने, एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून बनाने, आपदाओं से बर्बाद हुई फसलों का 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने, व्यापक कर्जा मुक्ति लागू करने, अमेरिकी दबाव में आकर पशुपालकों तथा किसानों को नुकसान पहुंचाने वाले मुक्त व्यापार समझौते से दूर रहने और प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की स्कीम वापस लेने व 300 यूनिट तक बिजली फ्री देने की मांग की गई। इस मौके पर ओमबीर सिंह, रणबीर सिंह, रणसिंह, बलवान सिंह, सतबीर सिंह, संसार सुरहेती, किशन छबीली, राजबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, दलीप सिंह, राजेंद्र जांगड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

- फसलों का 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा मांगा



झज्जर। बैग व स्टेशनरी वितरण के दौरान संस्था सदस्यों के साथ उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को स्टेशनरी व बैग वितरित किए

झज्जर। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा संचालित भट्ठा पाठशाला में अध्ययनरत जरूरतमंद बच्चों के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि के नेतृत्व में स्टेशनरी व बैग वितरित किए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये बच्चे संघर्षशील परिस्थितियों में रहकर भी शिक्षा के प्रति समर्पित हैं। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े ऐसे बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। ऐसे बच्चों की पढ़ाई किसी भी हाल में रुकनी नहीं चाहिए। बच्चों की दैनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें बैग एवं स्टेशनरी भेंट की गई, ताकि वे बिना किसी बाधा के नियमित रूप से पढ़ाई कर सकें। इस मौके पर मनोज कुमार, पूनम देशवाल, अंकित मिश्रा, जतिन, राहुल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। सम्मेलन स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते हुए भूपेंद्र नफे सिंह राठी।

## सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा

झज्जर। इंडियन नेशनल लोकदल के युवा सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आगामी 19 जनवरी को बेरी स्टेडियम में आयोजित होने वाले इनेलो के युवा सम्मेलन के मद्देनजर शुक्रवार को पार्टी के युवा नेता एवं सम्मेलन प्रभारी भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच एवं बैठक व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि सम्मेलन में आने वाले युवाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि यह युवा सम्मेलन प्रदेश के युवाओं की आवाज बनेगा और युवाओं को उनके अधिकारों, रोजगार, शिक्षा व भविष्य से जुड़े मुद्दों पर मजबूती से एकजुट करने का कार्य करेगा। इस अवसर पर जिला शहरी अध्यक्ष रामनिवास सैनी, युवा जिलाध्यक्ष अमरजीत कादियान, अमित गुलिया, जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट विपिन प्रधान ओमवीर धनखड़, राजपाल सुहाग, रविंद्र मलिक, पवन धनखड़, सुनील कड़ौधा, सोनू मदाना, पवन धौड़ आदि मौजूद रहे।

## घोषियान मोहल्ला में नालियां अवरुद्ध मोहल्लावासियों को आवागमन में परेशानी

- नियमित रूप से नहीं हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। घोषियान मोहल्ला में गलियों में फैला गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

शहर के वार्ड नंबर चार स्थित घोषियान मोहल्ला में नालियों की साफ-सफाई न होने के कारण लोगों को परेशानी आ रही है। मोहल्लावासी रवि व मनीष ने बताया कि नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदा पानी गली में फैल जाता है, जिस कारण लोगों को आवागमन में परेशानी आती है। गली के दोनों सिरों पर फैले गंदे पानी के कारण बच्चों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि वे इस संबंध में वार्ड पार्षद को भी अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। मौहल्ला वासियों ने बताया कि बार-बार कहने पर एक-दो बार कर्मचारी आए भी लेकिन वे औपचारिकता पूरी करके चले गए। जिसके दो-चार दिन बाद ही फिर से उसी प्रकार स्थिति उत्पन्न हो गई। मौहल्लावासियों ने नगर परिषद से कर्मचारियों को भेजकर नियमित सफाई कराए जाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में जब वार्ड पार्षद दिनेश छिकारा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कर्मचारी भेज कर नालियों की सफाई करवा चुके हैं। कर्मचारियों को हर तीसरे दिन भेजने के निर्देश दिए गए हैं। पेयजल सप्लाई के समय कई बार नालियां ओवरफ्लो हो जाती हैं। प्रयास यही है कि आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



झज्जर। कार्यशाला के दौरान योगाभ्यास करतीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## छात्राओं को संतुलित खानपान की दी जानकारी

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय दुजाना में चल रहे चार दिवसीय योग कार्यशाला के तीसरे दिन छात्राओं को श्वसन तंत्र स्वास्थ्य संबंधी प्राणायाम व योगासनों का अभ्यास योगाचार्य सतेंद्र ने करवाया। योगाचार्य सतेंद्र ने छात्राओं को डाट प्लान व डाइट के नियम बताएं। इसके अलावा जल ग्रहण नियमों को भी विस्तारपूर्वक बताया। पैकेट बंद चीजों का हमारे जीवन व स्वास्थ्य के ऊपर होने वाले दुष्प्रभावों का भी उल्लेख किया। वहीं, छात्राओं को ताड़ासन, धरनासन व श्यनासन का अभ्यास करवाया। योगाचार्य ने महामृत्यंजय मंत्र का जाप करवाकर सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स व महिलाओं को दिलवाई बाल विवाह रोकने की शपथ

- बाल विवाह रूपी बुराई को खत्म करने पर लड़कियों के सपने साकार होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। बाल विवाह रोकने संबंधी शपथ लेते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिले के गांव साल्हावास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें बाल विवाह निषेध अधिनियम बारे भी विस्तार से जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी राजबाला ने कहा कि बाल विवाह रूपी बुराई को जड़ से खत्म करना जरूरी है, तभी लड़कियों के सपने साकार होंगे। इस दौरान उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व महिलाओं को बाल विवाह रोकने संबंधी शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के जिला समन्वयक मनोज कुमार, संदीप जांगड़ा, पूनम, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सरिता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## डिजिटल दुनिया का प्रबंधन-सांझा करने को लेकर जागरुकता कैंप आज

- पीएलवी ग्रामीणों विशेषकर विद्यार्थियों को जानकारी देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न संगठनों के सहयोग से डिजिटल दुनिया का प्रबंधन योजना के अंतर्गत गलत सूचना, फर्जी खबरों के प्रसार और डिजिटल लत के खिलाफ जागरुकता को लेकर 17 जनवरी से 27 फरवरी तक विभिन्न गावों में कानूनी जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पीएलवी ग्रामीणों विशेषकर विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी देंगे। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि 17 जनवरी को गांव अंबोली में आयोजित कानूनी जागरुकता शिविर में पीएलवी शिवधन, 19 को गांव छुड़ानी में पीएलवी प्रेमवत्ती, 20 को गांव सिलोठी में पीएलवी नीता देवी, 22 को गांव खेड़ा थरू में पीएलवी सरोज देवी, 23 को गांव बामनौला में पीएलवी नेहा रानी, 29 को गांव गौरिया में पीएलवी नवीन कुमारी द्वारा ग्रामीणों को कानूनी जानकारी प्रदान की जाएगी। वहीं 2 फरवरी को गांव बिठला में पीएलवी शिवधन, 3 को गांव कसार में पीएलवी प्रेमवत्ती, 23 फरवरी को गांव गोयला कलां में पीएलवी नीता देवी, 24 को गांव रूडियावास में पीएलवी सरोज देवी, 26 को याकुबपुर में पीएलवी नेहा रानी तथा 27 को गांव ढलानवास में लोगों को जागरूक किया जाएगा।



झज्जर। कार्यशाला में छात्राओं को कटाई व सिलाई करना सिखाते विशेषज्ञ।

## छात्राओं को जूट उत्पादों की कटाई के दिए टिप्स

- राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में जूट के उत्पादों के निर्माण कौशल पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। कार्यशाला संयोजक और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर प्रियंका ने बताया कि इससे छात्राओं में उद्यमशीलता की भावना विकसित होती है और उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में प्रेरणा मिलती है। नूनामाजरा गांव के सार्थक स्वयं सहायता ग्रुप की प्रधान गोमती कौशिक ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के पहले दिन छात्राओं को जूट की वस्तुओं की कटाई व सिलाई के मूलभूत कौशल के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने छात्राओं को जूट से बने विभिन्न उत्पाद जैसे बैग, पाउच एवं घरेलू उपयोग की वस्तुओं की सिलाई, डिजाइनिंग और फिनिशिंग की व्यावहारिक जानकारी दी और बताया कि जूट के उत्पाद वातावरण में पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में भी सहायता करते हैं। कार्यक्रम के संयोजन में डॉक्टर कविता , रीना, सविता, पूनम, निहारिका, सोनिया व बिंदु ने सहयोग दिया।

## गोसेवा न केवल धार्मिक कर्तव्य, बल्कि सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी भी: भीम

- प्रणामी ने गोशाला में दिए एक लाख एक हजार रुपये दान दिए बने एक दिन के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। भीम सिंह प्रणामी को स्मृति चिह्न देते गोशाला पदाधिकारी।

मांडोठी स्थित आर्यावर्त गोशाला में आयोजित वार्षिक उत्सव श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सहभागिता के भाव के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान मनोनीत पार्षद भीम सिंह प्रणामी अपने परिजनों व समर्थकों सहित कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ राजेंद्र सांगवान, भूपेंद्र प्रणामी, राज राठी, कृष्ण चंद्र आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने गोमाता की पूजा-अर्चना कर गो सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर भीम सिंह प्रणामी ने अपनी तरफ से 1 लाख 1 हजार रुपये का सहयोग देकर एक दिन के लिए गोशाला का प्रधान बनने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को गोसेवा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि गोसेवा न केवल धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बताया कि यह उनका सातवीं बार मांडोठी गोशाला में इस प्रकार का सेवा सहयोग है। गौशाला समिति ने भीम सिंह प्रणामी सहित सभी अतिथियों का स्वागत करने के बाद स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। साथ ही उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। सभी ने गौसेवा के संकल्प के साथ उत्सव की सफलता की कामना की।

## सविन पंघाल को शहरी अध्यक्ष और प्रवेश को बादली की जिम्मेदारी मिली



झज्जर। जेजेपी के नवनियुक्त हलकाध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- जेजेपी ने किया संगठन विस्तार युवा हलका अध्यक्ष बनाए

जन नायक जनता पार्टी ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए जिले के हलका व युवा हलकाध्यक्षों की घोषणा की है। जेजेपी के प्रेस प्रवक्ता विकास पाराशर ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला व जेजेपी युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी विधानसभाओं के हलका अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। नव नियुक्त पदाधिकारियों में सविन पंघाल को शहरी अध्यक्ष, प्रवेश को बादली, आशीष कादियान को बेरी, सोनू को बहादुरगढ़ व झज्जर हलके से अमित को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारी युवा योद्धा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर युवाओं को संबोधित करेंगे। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र गहलावत, मिंटू ठेकेदार, नसीब भारतीय, राजेश महराणा, बिल्लू, योगेश कुमार, दीवान गुलिया, हरबीर कहाड़ी, दीपक, संजय, रवि सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
INDIA REPUBLIC DAY SALE
17 JAN - 1 FEB
On Shopping Of ₹4999 & Above FREE SANTOOR 675ML T&C APPLY
On Shopping Of 1KG ₹2999& Above ₹1 T&C APPLY
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT
MCCAIN 1.2KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850GM BUY 1 GET 1 FREE
DEL MONTE MAYONNAISE 700GM MRP- 178 ₹89
MACHA TEA SELECTED VARIENT UPTO 33% OFF ON MRP
RAJDHANI BESAN 1KG ₹89
AMUL BUTTER 500GM OUR PRICE ₹268
MR FREEZE /PAGRO GREEN PEAS 500GM ₹59
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 FREE
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA(500G) BUY 1 GET 1 FREE
Fortune atta ( 10 kg ) ₹409
COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR ₹69
BISLERI COLA / JEERA / POP / LIMONATA 600ML BUY 1 GET 2 FREE
MAGGI 560GM ₹106
TATA TEA PREMIUM 1 KG ₹329
DAAWAT ROZANA BASMATI GOLD RICE 5KG ₹399
24 MANTRA ATTA 5KG BUY 1 GET 1 FREE
BISLERI SODA 750ML / WATER 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
REAL JUICE 1 L 20% OFF ON MRP
XCITE NOODLES ( 330 g) BUY 1 GET 1 FREE
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml) BUY 1 GET 1 FREE
DEHAAT MAKHANA \ TOOR DAL BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI NARIYAL BISCUITS 204GM AND ATTA NOODLES BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI COW'S GHEE 900ML ₹670
PREET LITE GHEE 1L ₹309
VITA GHEE 1LTR ₹649
PRABHAS GHEE (1 LTR) BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR ₹172
PATANJALI MUSTARD OIL 1 L ₹175
74 का दम
CHANA DAAL 1KG ₹74
KALA CHANA 1KG ₹74
SAFED CHANA 1KG ₹74
MALKA LAL DAAL 1KG ₹74
CLASSIC RICE 1KG ₹74
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
UPCOMING BRANCHES Ghaziabad Mohali Bhiwani Pinjore Sirsa
FOLLOW US ON : elenta_mart elenta mart
SODEXO PAYMENT IS ACCEPTED AT SELECTED STORES – WITH NO EXTRA CHARGES.
NOW PAY USING sodexo
Offers and prices may vary from branch to branch. PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.